राजस्थान सरकार
सर पदमपत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान, जयपुर

क्रमांक : सामान्य/2020 7700 **दिनांक :** 27/10/2020

ज्ञानेश कुमार,

S-1, Jharkhand Appartment, Jharkhand Mode

General Sagat Singh marg Khatipura, Jaipur

विषयः— परिवाद क्रमांक 09203618617136

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि परिवादी द्वारा की गई शिकायत के संबंध में दूरभाष पर वार्ता कर ली गई है। प्रभारी, केन्द्रीय भण्डार ने अवगत कराया है कि लाईफ लाइन ड्रग स्टोर पर उक्त वैक्सीन 26.07.2020 से उपलब्ध नहीं थी। कोरोना महामारी की वजह से वैक्सीन काफी कम मात्रा में विक्रय हो रही थी जिसको मध्यनजर रखते हुए ज्यादा स्टॉक नहीं रखा गया था, दिनांक 26.07.2020 से 08.08.2020 तक कुल 14 दिवस में कुल 103 वैक्सीन, वैक्सीनेशन शाखा से प्राप्त सूचना के अनुसार मरीजों ने बाहर की दुकान से क्रय कर मंगवाई है। इस प्रकार अखबार में प्रकाशित खबर 100 वैक्सीन रोजाना की बाहर से खरीदी जा रही है यह खबर गलत है।

कोरोनाकाल की वजह से वैक्सीन लगवाने वाले बच्चों की संख्या काफी कम थी जिस कारण स्टॉक अधिक मात्रा में नहीं मंगवाया गया था तत्पश्चात् दिनांक 08.08.2020 को स्टॉक उपलब्ध था। इस प्रकार उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि न्यूज पेपर में बताये 100 वैक्सीन प्रतिदिन बिक्री होना असत्य है। कोरोनाकाल की वजह से वैक्सीन की बिक्री नगण्य थी अर्थात् बहुत कम थी। अतः स्टॉक मेन्टेन नहीं हो पाया। भविष्य में पूर्ण ध्यान रखा जावेगा कि स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।

अधीक्षक
सर पदमपत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान,
जयपुर।

Scanned by CamScanner